प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

26वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता प्रारम्भ

पन्तनगर। 4 मार्च 2025। विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 26वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 मार्च 2025 को स्टीवेंशन स्टेडियम में किया गया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा झंडारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दीं। इस तीन–दिवसीय प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर परिसर के बाल निलयम जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय एथलीट सुदीश राय, उमा भंडारी व जया भाकुनी सौंपी गई। इससे पूर्व क्लब के सचिव योगेश पंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, सुरक्षाधिकारी व सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. भाष्कर तिवारी, संयुक्त निदेशक श्रम कल्याण डा. जी.सी. जोशी, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय, स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के समस्त पदाधिकारी व सभी प्रतिभागी मौजूद रहे।

स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता में ध्वजारोहण करतीं कार्यवाहक कुलपति व कुलसचिव डा. दीपा विनय व अन्य।

निदेशक संचार